भारत सरकार
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2922**
**दिनांक 12 दिसंबर, 2024**

**झारखंड में नगर गैस वितरण परियोजना**

**2922. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड में गैस पाइपलाइन परियोजना/नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना से जुड़े शहरों की संख्या कितनी है;
(ख) झारखंड के उक्त शहरों में ऐसा कितना प्रतिशत क्षेत्र है जहां घरेलू उपयोग के लिए पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जाने की संभावना है;
(ग) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त परियोजना के लिए सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत और वितरित की गई है;
(घ) उक्त परियोजना के पूरा होने की लक्षित तारीख का ब्यौरा क्या और उक्त परियोजना के लिए शहर-वार स्वीकृत धनराशि कितनी है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ड.): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध करवाना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है और यह काम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों के माध्यम से किया जा रहा है। पीएनजीआरबी ने सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए पूरे झारखंड राज्य को कवर करते हुए 11 भैगोलिक क्षेत्रों (जीएज) (बिहार और झारखंड में फैले हुए 3जीएज सहित) को प्राधिकृत किया है। न्यूनत्तम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्य के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों ने वर्ष 2031 तक प्राधिकृत किए गए जीएज में 21,09,382 पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता दी है। झारखंड राज्य में पीएनजी कनेक्शनों और एमडब्ल्यूपी लक्ष्य के जीए-वार ब्यौरे **अनुलग्नक -I** में दिए गए हैं।

सीजीडी परियोजनाओं के लिए सरकार द्वारा कोई भी निधि जारी नहीं की जाती है। सीजीडी परियोजनाओं के लिए परियोजना लागत का वहन संबंधित सीजीडी कंपनियों द्वारा अपने न्यूनतम कार्य योजना और तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जाता है।

अनुलग्नक

''झारखंड में नगर गैस वितरण परियोजना'' के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2922 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

झारखंड राज्य में दिनांक 30.09.2024 तक की स्थिति के अनुसार पीएनजी (डी) कनेक्शन के एमडब्ल्यूपी लक्ष्य और उपलब्धि का जीए-वार विवरण

| क्र. सं. | भौगोलिक क्षेत्र/सीजीडी नेटवर्क | राज्य | प्राधिकृत सीजीडी कंपनी | प्राधिकार की तारीख | लक्ष्य पूर्ण होने की तारीख | कुल एमडब्ल्यूपी लक्ष्य | आनुपातिक एमडब्ल्यूपी लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो, हज़ारीबाग़ और रामगढ़ जिले | झारखंड | इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड | "06-09-2018 | 31-मार्च-30 | 79052 | 11858 | 10166 |
| 2 | गिरिडीह और धनबाद जिले | झारखंड | गेल गैस लिमिटेड | (नई आरंभ तिथि 01.01.2022)" | 31-मार्च-30 | 50000 | 7500 | 12178 |
| 3 | नवादा और कोडरमा जिले | बिहार और झारखंड | इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड | 06-सितम्बर-18 | 31-मार्च-30 | 13632 | 2045 | 1528 |
| 4 | शेखपुरा, जमुई और देवघर जिले | बिहार और झारखंड | इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड | "29-03-2019 | 05-अगस्त-29 | 37441 | 8112 | 7492 |
| 5 | चतरा और पलामू जिले | झारखंड | भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | (नई आरंभ तिथि 01.01.2022)" | 31-मार्च-29 | 10821 | 2705 | 3258 |
| 6 | सरायकेला-खरसावां जिला | झारखंड | गेल गैस लिमिटेड | 29-मार्च-19 | 31-मार्च-30 | 220001 | 33000 | 13058 |
| 7 | पश्चिमी सिंहभूम जिला | झारखंड | गेल गैस लिमिटेड | 29-मार्च-19 | 31-मार्च-30 | 6028 | 904 | 125 |
| 8 | गुमला, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा और खूंटी जिले | झारखंड | अदानी टोटल गैस लिमिटेड | 15 मार्च, 2022 (नई प्रारंभ तिथि 01 अक्तूबर, 2023) | 30-सितम्बर-31 | 161978 | 0 | 0 |
| 9 | पूर्वी सिंहभूम जिला | झारखंड | गेल (इंडिया) लिमिटेड | 07-मार्च, 2018 | 31-मार्च, 2025 | 24278 | 20943 | 43136 |
| 10 | रांची जिला | झारखंड | गेल (इंडिया) लिमिटेड | 07-मार्च, 2018 | 31-मार्च, 2025 | 29962 | 25468 | 58019 |
| 11 | बांका (बिहार), दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले | बिहार और झारखंड | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 14-जनवरी-22 | 30-जून-30 | 1476189 | 159920 | 0 |

स्रोत: पीएनजीआरबी

****